FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट थाना मक्खनपुर दिनांक 05-10-2025 जनपद फिरोजाबाद।

**50 हजार रूपये का इनामियाँ फरार शातिर लुटेरा अभियुक्त नरेश फायरिंग के फलस्वरूप घायल, जिसको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया जहाँ चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त नरेश को मृत घोषित कर दिया गया........**

**मुठभेड़ के दौरान शातिर अपराधी द्वारा की गयी फायरिंग में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की बुलेट प्रुफ जैकेट में लगी गोली साथ ही प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ घायल..........**

**दिनांक 04-10-2025 को थाना मक्खनपुर, थाना शिकोहाबाद, थाना रामगढ व एसओजी / सर्विलांस मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30-09-2025 को थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घुनपई के पास जीके कम्पनी की गाडी से 1.5-02 करोड़ रूपये कैश लूट की घटना को अंजाम देने वाले 06 शातिर लुटेरों को किया गया था गिरफ्तार।**

- गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 01 करोड़ 05 हजार तीन सौ दस रूपये, लूट के रूपयों से खरीदा गया एक आईफोन(कीमत 55 हजार रूपये) व लूट के रूपयों से खरीदी गयी एक मोटरसाइकिल की रसीद (कीमत 01 लाख रूपये), अवैध असलहा मय कारतूस व लूट की घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन बरामद किए गए थे।
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा दिनांक 30-09-2025 को लूट की घटना में प्रकाश में आए शातिर बदमाशों नरेश, दुष्यंत व तुषार की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रूपये का इनाम किया गया था घोषित.........
- जीके कम्पनी के ड्राइवर को उपरोक्त बदमाशों द्वारा सिर पर असलाह की बट से प्रहार किया गया था एवं ड्राइवर के हाथ पैर बाँधकर सफेद गाडी में डाल दिया गया था।
- अभियुक्त नरेश के फरार होंने पर थाना मक्खनपर पर मु0अ0सं0 274/25 धारा 262 बीएनएस बनाम नरेश उपरोक्त पंजीकृत किया गया।
- उक्त घटना के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया एवं जनपद में सघन चैकिंग अभियान व कॉबिंग करायी गयी........
- हथकड़ी लगी संग फरार हुए शातिर दुर्दांत लुटेरे अभियुक्त नरेश की गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा 50 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया...........

➢ **नरेश उपरोक्त शातिर एवं दुर्दांत अपराधी है जो पिछले एक दशक से लूट एवं गम्भीर अपराधों में शामिल है जिसके द्वारा अपने साथियों के साथ गैंग बनाकर लूट की घटनाएँ कारित की गयी हैं.......**

**<u>अभियुक्त नरेश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

1. **मु0अ0सं0 116/17 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना क्राइम ब्रांच जनपद दिल्ली।**
2. **मु0अ0सं0 255/17 धारा 395, 397, 365, 34 भादवि0 थाना मयूर विहार फेस-01 जनपद दिल्ली।**
3. **मु0अ0सं0 319/14 धारा 395, 397ए एक्ट थाना फरीदाबाद कोतवाली जनपद फरीदाबाद।**
4. **मु0अ0सं0 223/19 धारा 356, 379, 411 भादवि0 थाना गाजीपुर जनपद दिल्ली।**
5. **मु0अ0सं0 1045/22 धारा 392, 411, 34 भादवि0 थाना मुखर्जी नगर जनपद नई दिल्ली।**
6. **मु0अ0सं0 43/18 धारा 21 एनडीपीएस व 25 आर्म्स एक्ट थाना गाजीपुर जनपद दिल्ली।**
7. **मु0अ0सं0 440/22 धारा 379, 411 भादवि0 थाना कौशाम्बी जनपद गाजियाबाद।**
8. **मु0अ0सं0 268/2025 धारा 309(4),324(4) बीएनएस थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।**
9. **मु0अ0सं0 274/2025 धारा 262 बीएनएस थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।**

जीके कंपनी जो कि कैश का बड़ा काम करती है, द्वारा बैलेंस का रूपया अपने ड्राईवर द्वारा गाडी संख्या GJ 18 EB 9724 से कानपुर से आगरा भिजवाया गया था। थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 30-09-2025 को सुबह करीब 05.00 बजे घुनपई थाना क्षेत्र मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद के पास 02 चार पहिया अज्ञात वाहन सवारों द्वारा गाड़ी को रोककर ड्राईवर साइड वाला शीशा तोड़कर 1.5-02 करोड़ रूपये कैश लूट लिया गया एवं बदमाशों द्वारा ड्राइवर के सिर पर असलाह की बट से प्रहार कर उसके हाथ पैर व मूँह को बाँधकर गाडी में डाल लिया गया था। सूचना पर तत्काल ही उच्चाधिकारीगण मय पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया। मामले में वादी की तहरीर के आधार पर थाना मक्खनपुर पर दिनांक 01-10-2025 को मु0अ0सं0 268/2025 धारा 309(4),324(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा घटना के खुलासे हेतु एसओजी / सर्विलांस व थाना मक्खनपुर पुलिस टीम सहित अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में कुल 06 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने वाले 06 शातिर बदमाशों को दिनांक 04-10-2025 को पायनियर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 01 करोड़ 05 हजार तीन सौ दस रूपये, लूट के 55 हजार रूपयों से खरीदा गया आईफोन, लूट के 01 लाख रूपयों से खरीदी गयी बाइक की रसीद व लूटेरों द्वारा लूट की घटना में कारित दो चार पहिया वाहन भी बरामद किए गए थे।

**पूछताछ में दिनांक 04/05-10-2025 को अभियुक्त नरेश उपरोक्त द्वारा थाना खैर जनपद अलीगढ़ क्षेत्र से लूट के शेष 20 लाख रूपये बरामद कराए गए । अभियुक्त नरेश से सघन पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा तकरीकबन 18 से 20 लाख रुपये सीक्रेट कम्पार्टमेंट से रूपये निकालकर एक बैग में वहीं हाईवे किनारे झुरमुठ में छुपा दिए गए थे। उक्त रूपयों की बरामदगी हेतु पुलिस टीम द्वारा पुनः अभियुक्त की निशांदेही वाले स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान अभियुक्त नरेश मौका पाकर फरार हो गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा फरार हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तत्काल 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया एवं जनपद में सघनता से चैकिंग अभियान / कॉम्बिंग हेतु निर्देशित किया गया। फरार अभियुक्त नरेश के विरूद्ध थाना मक्खनपुर पर मु0अ0सं0 274/2025 धारा 262 बीएनएस पंजीकृत किया गया। फरार अभियुक्त की

गिरफ्तारी पर आज दिनांक 05-10-2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा 50 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया।

गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 05-10-2025 को हलपुरा अण्डर पास एनएच 19 बनीपुर के जंगलों के पास से 50 हजार रूपये के इनामियाँ फरार शातिर लुटेरा अभियुक्त नरेश उपरोक्त फायरिंग के फलस्वरूप घायल हो गया जिसको पुलिस टीम द्वारा उपचार हेतु अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त नरेश को मृत घोषित कर दिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 पिस्टल 32 बोर , 01 रिवाल्वर , भारी मात्रा में खोखा कारतूस , व मौके से एक बैग बरामद किया गया गया है जिसमें भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। फील्ड यूनिट द्वारा बैग की जाँच की जा रही है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

01-नरेश पुत्र राकेश कुमार उर्फ भूरी निवासी गाँव अरनी थाना खैर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 35 वर्ष

**अभियुक्त नरेश से बरामदगी-**

**--दिनांक 04/05-10-2025 को थाना खैर क्षेत्रान्तर्गत जनपद अलीगढ से 20 लाख रुपये बरामद।**

**--अभियुक्त के कब्जे से 02 पिस्टल 32 बोर , 01 रिवाल्वर , भारी मात्रा में खोखा कारतूस , व मौके से एक बैग बरामद किया गया गया है जिसमें भारी मात्रा में कैश मिला है। फील्ड यूनिट टीम मौके पर है। साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद श्री अनुज राणा मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

2-प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ श्री संजीव दुबे मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

3-प्रभारी एसओजी / सर्विलांस श्री अमित तोमर मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

4-थानाध्यक्ष मक्खनपुर श्री चमन शर्मा मय टीम जनपद फिरोजाबाद।